UNFPA स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट

स्रोत: बिज़िनेस स्टैण्डर्ड

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) **की विश्व जनसंख्या स्थिति, 2024** की रिपोर्ट से पता चला है कि **भारत की जनसंख्या का 77 वर्षों में दोगुना होने का अनुमान है।**

- **मुख्य विशेषताएँ: 1.44 अरब की अनुमानित आबादी के साथ भारत विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है,** इसके बाद चीन 1.425 अरब की जनसंख्या के साथ दूसरे स्थान पर है।
    - वर्ष 2011 में हुई जनगणना के दौरान भारत की जनसंख्या 1.21 अरब दर्ज़ की गई थी।
    - जिसकी रिपोर्ट से पता चला कि 24% लोग 0-14 आयु वर्ग के, 17% लोग 10-19 आयु वर्ग के और **26% लोग 10-24 आयु वर्ग** के थे। जबकि 68% लोग 15-64 वर्ष की आयु के हैं तथा 7% लोग 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के हैं।
    - भारत में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं के लिये 74 वर्ष है।
    - रिपोर्ट में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में भारत की 30 वर्षों की प्रगति ने वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक हाशिये पर रहने वाले समुदायों को नज़रअंदाज़ कर दिया है। इसमें कहा गया है कि **वर्ष 2006-2023 के बीच भारत में बाल विवाह का प्रतिशत 23% था।**
    - भारत में **मातृ मृत्यु** में उल्लेखनीय रूप से कमी आई है, जो वैश्विक मातृ मृत्यु का 8% है।
    - रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि स्वदेशी समूहों में मातृ मृत्यु दर अधिक है। विकलांग महिलाएँ **लैंगिक हिंसा** के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं।
        - **जलवायु परिवर्तन** और **जाति-आधारित भेदभाव** जैसे कारकों के कारण कमज़ोर समूहों को अधिक यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है।

और पढ़ें: संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unfpa-state-of-world-population-report